- प्रदेश में विधानसभा उप चुनाव के लिए भाजपा ने 6 सीटों पर प्रत्याशी घोषित किये–चौरासी सीट पर उम्मीदवार की घोषणा बाकी।
- धौलपुर के बाड़ी कस्बे में हुए सड़क हादसे में 12 लोगों की मौत हो गयी है।
- केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा–वर्ष 2024–25 के लिए खाद्यान उत्पादन का लक्ष्य 34 करोड़ 15 लाख 50 हजार टन होगा।
- प्रदेशभर में करवाचौथ का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है–महिलाएं अखण्ड सुहाग की कामना कर रही हैं।

000

प्रदेश में 13 नवम्बर को होने वाले विधानसभा उपचुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने सात में से छह सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिये है। भाजपा ने दौसा सीट से विधायक किरोड़ीलाल मीणा के भाई जगमोहन मीणा को प्रत्याशी बनाया है। सलूंबर सीट पर दिवंगत विधायक अमृतलाल मीणा की पत्नी शांता देवी मीना को उम्मीदवार घोषित किया है। झुंझुनूं सीट से राजेंद्र भांबू, देवली–उनियारा से राजेंद्र गुर्जर, खींवसर से रेवंत राम डांगा, रामगढ़ से सुखवंत सिंह को टिकट दिया गया है। चौरासी सीट पर भाजपा ने अभी प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। इस बीच विधानसभा उपचुनाव वाले क्षेत्रों में निर्वाचन विभाग की ओर से मतदाता जागरूकता के लिए विशेष प्रयास किये जा रहे है। इसी कडी मेें सलूंबर के राजकीय बालिका जनजाति आवासीय विद्यालय में कई प्रतियोगिताएं हुई। मतदाताओं की आवश्य मतदान की शपथ दिलायी गयी।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने महर्षि दयानन्द सरस्वती को राष्ट्रवाद और वैदिक भारत की पुनर्स्थापना करने वाला व्यक्तित्व बताते हुए उनकी शिक्षाओं से प्रेरणा लेने का आह्वान किया है। श्री बागडे अजमेर में महर्षि दयानन्द सरस्वती के द्विशताब्दी जन्म जयन्ती समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा महर्षि द्वारा स्थापित आर्य समाज का उद्देश्य महिलाओं का सबलीकरण करना तथा रूढ़ियों और भेदभाव को समाप्त करना रहा है। उनके ग्रन्थ सत्यार्थ प्रकाश में सभी वेदों का सार निहित है।

000

ब्रिटेन की यात्रा के आखिरी दिन कल मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्राकृतिक संसाधन समूह वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल से लंदन में मुलाकात की और उन्हें 'राजस्थान की प्रगति में भागीदार' बनने के लिए आमंत्रित किया। बैठक के दौरान उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और राज्य सरकार के प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्य मौजूद थे। राजस्थान में एक लाख करोड़ रुपये अधिक के निवेश की अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी। मुख्यमंत्री और श्री अग्रवाल के बीच 'पूंछरी का लौठा' और उसके आस–पास के क्षेत्रों के एकीकृत विकास पर भी चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश मेें कृष्ण भूमि विकास के तहत आने वाले क्षेत्रों पर एक विस्तृत प्रेजेंटेशन दिया गया। राज्य प्रतिनिधिमंडल का लंदन के निवेशकों से संपर्क अभियान अब सम्पन्न हो गया है।

000

धौलपुर के बाड़ी कस्बे में कल रात एक सड़क हादसे में 12 लोगों की मौत हो गई। इनमे पांच बच्चे शामिल हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि बाड़ी कस्बे के गुम्मत निवासी 15 लोग सरमथुरा के बरौली गांव से शादी समारोह से शामिल होकर लौट रहे थे तब ही यह हादसा हुआ। इनमें से 10 लोगों की मौके पर मृत्यु हो गई और दो ने इलाज के लिए अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोडा।

000

आज अंतर्राष्ट्रीय वायु यातायात नियंत्रक दिवस है। पहली बार यह दिवस 20 अक्टूबर 2012 को मनाया गया था। इसके बाद से हर साल इसी तारीख को मनाया जाता है। यह दिवस विमानन उद्योग के उन गुमनाम नायकों को याद करने का दिन है, जो लोगों की हवाई यात्रा को सुरक्षित और कुशल बनाना सुनिश्चित करते हैं। ये अधिकारी रोजाना हजारों उड़ानों का संचालन करते हैं।

000

केन्द्र ने वर्ष 2024–25 के लिए खाद्यान उत्पादन का लक्ष्य 34 करोड 15 लाख 50 हजार टन तैय किया है। केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल नई दिल्ली में रबी सीजन 2024 के लिए राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन का उदघाटन करते हुए कहा कि किसानों का कल्याण सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि इसके लिए केंद्र और राज्य सरकारों को एक साथ मिलकर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रति हेक्टेयर उत्पादकता बढाना और कृषि लागत घटाना तथा किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य दिलाना है। श्री चौहान ने कहा कि उत्पादकता बढाने और रसायनों तथा उर्वरकों पर निर्भरता घटाने के लिए जैविक और प्राकृतिक कृषि की ओर बढने की आवश्यकता है। श्री चौहान ने कहा कि सरकार ने बेहतर उत्पादन के लिए किसानों को अच्छे बीज की मिनी किट उपलब्ध कराने की योजना शुरू की है। उन्होंने कहा कि विज्ञान को खेतों तक लाने के लिए जल्द ही आधुनिक कृषि चौपाल कार्यक्रम शुरू किया जाएगा जिसमें किसान और वैज्ञानिक शामिल होंगे।

000

प्रदेश भर में करवा चौथ का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। सुहागन महिलाए अखण्ड सुहाग की कामना के साथ चौथ माता की पूजा अर्चना कर रही है। महिलाओं ने व्रत रखें है। शाम को चन्द्रमा को अर्ध्य देने के साथ महिलाएं अपना व्रत खोलेगी। इस अवसर पर महिलाओं ने हाथों में मेहंदी लगाकर विशेष साज–श्रृगांर किया है। विभिन्न चौथ माता मंदिरों में श्रृद्धालुओं की भीड देखी जा रही है। सवाईमाधोपुर के चौथ का बरवाड़ा स्थित मंदिर में महिलाएं उत्साह के साथ पहुंच रही है।

000

राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद्–राजीविका की ओर से आयोजित दीपावली मेला कल से जयपुर में शुरू होगा। सात दिन तक चलने वाले इस मेले में प्रदेश के 70 से 80 स्वयं सहायता समूह अपने उत्पाद प्रदर्शित करेंगे। राजीविका विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रेया गुहा ने बताया कि मेले में राजस्थान की ब्लू पोटरी, कोटा डोरिया, लाख की चूड़ियां, आचार, नमकीन, बाजरे के उत्पाद, सांगानेरी प्रिंट के कपड़े और राजस्थानी जूतियाँ आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

000

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से 22 से 24 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली समान पात्रता परीक्षा को देखते हुए रोडवेज ने अभ्यर्थियों के लिए निशुल्क यात्रा की सौगात दी है। यह सुविधा परीक्षा दिवस से दो दिन पहले और दो दिन बाद तक उपलब्ध रहेगी।

000

प्रदेश में सर्दी की दस्तक के साथ ही सुबह और शाम हल्की ठण्ड महसूस की जा रही है। कल नौ शहरों का रात का पारा 20 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया। माउंट आबू और सीकर की रात सबसे सर्द रही। माउंट आबू का न्यूनतम तापमान 14 दशमलब 4 और सीकर का 16 दशमलब 2 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि अधिकांश स्थानों पर मौसम शुष्क रहा।मौसम विभाग के अनुसार भीलवाड़ा, अलवर, सीकर, चित्तौड़गढ़, डबोक, अंता, जालौर और करौली का रात का तापमान 20 डिग्री से कम रहा। राजधानी जयपुर में दिन के तापमान में मामूली गिरावट आई है। यहां अधिकतम तापमान 36 दशमलब 4 और न्यूनतम 23 दशमलव 5 डिग्री रिकॉर्ड हुआ।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 27 अक्टूबर को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 115वीं कड़ी होगी। श्रोता, इस महीने की 25 तारीख तक टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर कार्यक्रम के लिए सुझाव भेज सकते हैं। इसके अलावा 1922 पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक से भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। नरेंद्र मोदी एप या माई जीओवी ओपन फोरम के जरिये ऑनलाइन सुझाव भी दिये जा सकते हैं।

00000